आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगरपालिका परिषद,रामनगर द्वारा वर्ष 2026–2027 हेतु पालिका के विभागीय आयकर तथा जी0एस0टी0 सम्बंधी प्रकरणों में परामर्श प्रदान करना तथा जी0एस0टी0 तथा आयकर से सम्बन्धित वादों के निस्तारण, सम्बन्धित मदों का टी0डी0एस0 जमा करवाना,रिटर्न फाइलिंग करना, पालिका कार्मिको के फार्म–16 तैयार करना और आवश्यकतानुसार कार्यालय को उपलब्ध करवाया जाना आदि अन्य समस्त कार्य जो पालिका, आयकर तथा जी0एस0टी0 से सम्बन्धित हो उन प्रकरणों में अपनी सेवायें/परामर्श प्रदान किये जाने हेतु अनुभवी विषेशज्ञ की नियुक्ति की जानी है। जिस हेतु पालिकासीमान्तर्गत स्थित संबन्धित विशेषज्ञो/फर्मो से कोटेशन के माध्यम से पारिश्रमिक हेतु दरें आमन्त्रित की जाती है। उक्त हेतु कोटेशन/दरें सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक 13.05.2026 की अपरान्ह 11.00 बज़े तक किसी भी कार्यदिवस में पालिका कार्यालय में प्राप्त करवाये जा सकते है। निर्धारित समय के भीतर प्राप्त कोटेशन दिनांक 13.05.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे माननीय पालिकाध्यक्ष महोदय के समक्ष खोलें जायेंगें। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी कोटेशन पर कोई विचार नही किया जायेगा। **इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी एवं शर्ते किसी भी कार्यदिवस में पालिका के लेखा–अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।**

(आलोक उनियाल)
अधिशासी अधिकारी

(मो0 अकरम)
अध्यक्ष

कार्यालय नगरपालिका परिषद,रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक /1056 दिनांक 28-4-26

प्रतिलिपिः–

1. नोटिस बोर्ड कार्यालय, नगरपालिका परिषद,/उपजिलाधिकारी/तहसील/खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर में चस्पा हेतु।
2. पालिका बेबसाइट www.nagarpalikaramnagar.in में अपलोड किये जाने हेतु।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद,रामनगर।